नारी स्वास्थ्य समस्याओं में भरोसेमंद

90 वर्षों से No.1 वुमन हेल्थ टॉनिक

कमर–पेडू में दर्द, खून की कमी, कमज़ोरी,
हथेली–तलवों में जलन, हार्मोन्स असंतुलन,
चिड़चिड़ापन आदि कठिन समस्याओं में सहायक

हेमपुष्पा

Helpline: 011-23261111, rajvaidyacare@gmail.com

Samvad-2402Hindi

जनता की आवाज

रीगल सिविक सेंटर की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त

भोपाल | अवधपुरी के रीगल सिविक सेंटर से सरला एस्टेट तक सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। यह सात कॉलोनियों के रहवासियों का मुख्य रास्ता है। बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भरने से दोपहिया चालक गिर रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी है। एम्बुलेंस और स्कूल बसों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। शिकायतों के बावजूद सुधार नहीं हुआ।

-देवेंद्र अहिरवार, स्थानीय निवासी

खुली नाली की सफाई नहीं, बदबू से परेशानी

भोपाल | वार्ड 51 की गुलमोहर कॉलोनी के जी-2 क्षेत्र में खुली नाली की लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। नाली से उठ रही बदबू के कारण आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने नाली की जल्द सफाई कराने की मांग की है।

-मेघना सिंह, स्थानीय निवासी

अवैध पार्किंग और गंदगी से बढ़ी मुश्किलें

भोपाल | अरेरा कॉलोनी के ई-4 सेक्टर में राज पुष्पा स्कूल के पास घरों के सामने अवैध पार्किंग की जा रही है। इससे रहवासियों को परेशानी हो रही है। मना करने पर वाहन चालक विवाद करते हैं और सड़क किनारे पेशाब भी करते हैं। इससे आसपास गंदगी भी फैल रही है। लोगों ने अवैध पार्किंग पर रोक लगाने की मांग की है।

-एनसी तायल, स्थानीय निवासी

बनी हुई सड़क खोदी, राहगीर परेशान हो रहे

भोपाल | साकेत नगर 9ए में मकान नंबर 34 से 37 के सामने बनी सड़क 17 अगस्त को खोद दी गई। रहवासियों का कहना है कि अच्छी सड़क खोदने से आवाजाही में परेशानी हो रही है। जहां सड़क निर्माण की जरूरत है, वहां काम नहीं हो रहा। नगर निगम से अपेक्षा है कि खोदी सड़क जल्द दुरुस्त कराई जाए।

-अजय सिंह, स्थानीय निवासी

जनता की आवाज के लिए **9340061909** पर वॉट्सएप करें।

जोन 19 में पेंशन और शिकायतों के समाधान के लिए आज शिविर

भोपाल | भोपाल में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कोलार रोड स्थित जोन क्रमांक 19 के कार्यालय में जनकल्याण शिविर का आयोजन शुक्रवार को सुबह 9 बजे से होगा। इसका उद्देश्य शहर के नागरिकों को भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना है।

शिविर में पीएम स्वनिधि योजना के साथ दिव्यांग, विधवा, वृद्धावस्था और अन्य पेंशन योजनाओं से जुड़े मामलों में हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही राजस्व विभाग, विद्युत विभाग और लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत लंबित प्रकरणों व शिकायतों का त्वरित निराकरण करने की व्यवस्था रहेगी।

भीड़ में आगे-पीछे होकर धक्का दिया, महिला से 2 लाख का मंगलसूत्र छीना

भोपाल | अयोध्या नगर के साप्ताहिक मार्केट में भीड़ का फायदा उठाकर महिला का करीब 2 लाख रुपए का मंगलसूत्र छीनने के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इको ग्रीन सिटी निवासी 53 वर्षीय राधा अहिरवार 19 अगस्त की रात करीब 10:30 बजे सब्जी खरीद रही थीं। इसी दौरान दोनों महिलाएं उनके आगे-पीछे हुईं और योजनाबद्ध तरीके से धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद गले से करीब 15 ग्राम का सोने का मंगलसूत्र लेकर भीड़ में निकल गईं। आवाज सुनकर वहां तैनात पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों को पकड़ लिया। आरोपी जयश्री सोनोने और अरुणा संदीप महाराष्ट्र के शेगांव की रहने वाली हैं। पुलिस ने मंगलसूत्र बरामद कर लिया है।

2022 में प्रशासक के कार्यकाल में बदली गई थी फीस दर

परिषद की मुहर, शासन की मंजूरी पर टिकी लाइसेंस फीस की वापसी

विशेष संवाददाता | भोपाल

लंबे समय से चैंबर ऑफ कॉमर्स की मांग और बुधवार के विरोध के बाद नगर निगम परिषद ने एक दिन पहले व्यावसायिक लाइसेंस शुल्क वापस लेने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित तो कर दिया। अब इसकी अंतिम वापसी शासन की मंजूरी पर निर्भर होगी।

दरअसल, यह वही शुल्क है जिसे 2022 में नगर निगम में परिषद नहीं होने के दौरान प्रशासक के कार्यकाल में बदला गया था। इससे पहले करीब 288 ट्रेड के हिसाब से अलग-अलग फिक्स दरें थीं। बाद में हैदराबाद नगर निगम की तर्ज पर व्यवस्था तैयार की गई। तत्कालीन कमिश्नर ने एक डिप्टी कमिश्नर, 5 जोनल अधिकारियों और 7 वार्ड प्रभारियों को हैदराबाद भेजकर व्यवस्था का अध्ययन कराया था। इसके बाद जुलाई 2022 में स्थायी आदेश और अगस्त में संशोधित आदेश जारी हुआ। नई व्यवस्था में सड़क की चौड़ाई के अनुसार 4, 5 और 6 रुपए प्रति वर्गफीट की दर तय की गई और अधिकतम शुल्क 50 हजार रुपए रखा गया।

नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन का कहना है कि परिषद बैठक की लिखित प्रोसीडिंग्स अभी जारी होना बाकी हैं। इनके मिलने के बाद प्रस्ताव अंतिम स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। शासन स्तर से इस पर निर्णय होने में कितना समय लगेगा यह तय नहीं है। बुधवार को निगम परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजने का निर्णय तो ले लिया है, लेकिन शासन से मंजूरी लेने में भी तेजी दिखानी होगी। क्योंकि, जब तक शासन की स्वीकृति नहीं मिलती, मौजूदा व्यवस्था में बदलाव नहीं होगा।

चैंबर की मांग पर एजेंडे में लाया गया था प्रस्ताव

21 अप्रैल 2023 को शासन ने इसी मॉडल पर पूरे प्रदेश में व्यवसायिक लाइसेंस शुल्क का नियम लागू किए। 25 अप्रैल को ही सरकार ने इन नियमों को स्थगित कर दिया। हालांकि, आदेश में पहले से लागू स्थानीय योजनाओं को जारी रखने की बात कही गई थी। इसी आधार पर भोपाल में शुल्क वसूली जारी रही। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल का कहना है हमने व्यापारियों के साथ हाईकोर्ट में इस व्यवस्था को चुनौती दी थी। कोर्ट ने जुलाई 2023 में नई दरों की वसूली पर अंतरिम रोक लगाई थी, लेकिन सितंबर में वह रोक हटा दी गई। हमारी मांग और विरोध के चलते ही परिषद ने आनन-फानन इसे एजेंडे में शमिल किया। अब अगला पड़ाव तय करेगा कि 2022 में बदली गई यह शुल्क व्यवस्था वास्तव में कब खत्म होगी।

ईडी जांच कर रही कि कैसे घुमाए 10 हजार करोड़

सागा पोंजी स्कैमः 50 से ज्यादा शेल कंपनियों का नेटवर्क मिला

विशेष संवाददाता | भोपाल

सागा ग्रुप के 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के कथित पोंजी स्कैम में ईडी अब निवेशकों से जुटाई रकम के अंतिम इस्तेमाल और लाभार्थियों की जांच कर रही है। 13 से 16 अगस्त तक भोपाल-मुंबई में तलाशी के दौरान 50 से ज्यादा शेल कंपनियों का नेटवर्क सामने आया है।

ईडी के मुताबिक निवेशकों से मुख्य रूप से नकद रकम जुटाकर रीजनल कैश चेस्ट तक पहुंचाई जाती थी। वहां से प्रमोटर्स से जुड़े नेटवर्क, शेल कंपनियों और हवाला चैनल के जरिए रकम घुमाकर देश-विदेश में चल-अचल संपत्तियां खरीदी गईं। ग्रुप ने 2009 से आरडी, एफडी और मंथली इनकम स्कीम में 3 से 5 साल में रकम दोगुनी-तिगुनी करने और कार जैसे गिफ्ट का लालच दिया। शुरुआत में कुछ निवेशकों को भुगतान हुआ, बाद में रकम व्यक्तिगत इस्तेमाल और एजेंटों के कमीशन में खपाई गई। तलाशी में ईडी ने 30 करोड़ रुपए से ज्यादा के शेयर-सिक्योरिटीज, म्यूचुअल फंड, एलआईसी पॉलिसी और बैंक बैलेंस फ्रीज किए। 9 हाई-एंड वाहन, 1.53 करोड़ नकद, 35 लाख की विदेशी मुद्रा और 5.25 करोड़ रुपए का सोना-चांदी मिला। ईडी के मुताबिक सीएमडी समीर अग्रवाल विदेश में है और फरार है।

बड़ी झील के 100 मीटर क्षेत्र से जलकुम्भी निकाली

भोपाल | नगर निगम ने बड़ी झील की सफाई करते हुए वीआईपी रोड की ओर सोलर पैनल के नीचे करीब 100 मीटर लंबे क्षेत्र से जलकुंभी निकाली। बारिश के पानी के साथ बहकर आए अन्य कचरे को भी हटाया गया। राजाभोज सेतु के नीचे भी जलकुंभी व कचरा निकाला गया।

रेहान मर्डर, पुलिस ने रीक्रियेट कराया सीन

क्राइम रिपोर्टर | भोपाल

श्यामला हिल्स स्थित छोटे तालाब के धोबीघाट के पास 10 अगस्त को मिले नाबालिग रेहान के शव के मामले में गुरुवार को पुलिस ने आरोपियों से क्राइम सीन रीक्रिएट कराया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने किशोर की हत्या कर उसके प्राइवेट पार्ट बेचकर करीब 1.20 करोड़ रुपए कमाने की साजिश रची थी। मामले में आमिर कुरैशी (18), जोहेब खान (20) गिरफ्तार हैं, जबकि तीन नाबालिग हिरासत में हैं।

जोहेब खुद को मेडिकल की पढ़ाई करने वाला बताकर एप्रन और आला पहनता था। उसने मोबाइल पर अंग निकालने का वीडियो दिखाया था। 6 अगस्त को आरोपी रेहान खान को 100 रुपए का लालच देकर धोबीघाट ले गए और हत्या के बाद उसके अंग निकाल लिए। सौदा नहीं होने पर दो-तीन दिन बाद अंग तालाब में फेंक दिए। गुरुवार को आरोपियों की निशानदेही पर तलाश की गई, लेकिन देर शाम तक अंग नहीं मिले।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
A "Navratna" CPSE under Ministry of Railways, Government of India
IRCTC प्रस्तुत करता है भारत गौरव स्पेशल पर्यटक ट्रेन

पुरी, गंगासागर के साथ गया, वाराणसी और रामलला दर्शन
• यात्रा दिनांकः 15.09.2026 • यात्रा की अवधिः 10 रातें/11 दिन
कहाँ बैठें: इंदौर-उज्जैन-शुजालपुर-सीहोर-रानी कमलापति-इटारसी-नरसिंहपुर-जबलपुर-कटनी
कहाँ उतरें: कटनी-जबलपुर-नरसिंहपुर-इटारसी-रानी कमलापति-सीहोर-शुजालपुर-उज्जैन और इंदौर
• ₹19,600 /-* यात्रा खर्च (प्रति व्यक्ति) (SL)
• ₹31,850/-* यात्रा खर्च (प्रति व्यक्ति) (3AC)
• ₹41,900/-* यात्रा खर्च (प्रति व्यक्ति) (2AC)
रेल टिकिट, होटल में ठहरने की व्यवस्था, नाश्ता, मध्यान व रात्रि भोजन, वाहन द्वारा स्थानीय भ्रमण, सभी कर सम्मिलित, यात्रा बीमा, टूर मैनेजर की सेवाएं उपलब्ध हैं। ऑनलाईन बुकिंग हेतु : www.irctctourism.com
बुकिंग हेतु संपर्क/फाइनल्पेच करें:
आयुष भावसार: 8287931624 (इंदौर) | शशांक श्रीवास्तव: 9321901862 (भोपाल) | मुनीन्द्र दुबे 9321901832 (जबलपुर)

डिस्ट्रीब्यूटरशिप टर्मिनेशन सूचना

मेसर्स **अनमोल इंडस्ट्रीज,** भौरी, बैरागढ़, भोपाल को कम्पनी के प्रोडक्ट की सेल में रूचि न लेने एवं डिस्ट्रीब्यूशन न कर पाने की वजह से त्रिवेणी अलमीरा कम्पनी ने उपरोक्त को दिनांक 01.08.2026 से डिस्ट्रीब्यूटरशिप से टर्मिनेट कर दिया है।

त्रिवेणी अलमीरा के सभी सम्मानित उपभोक्ता व ग्राहक एवं डीलर, किसी भी प्रकार की सर्विस के लिए निम्न ईमेल एड्रेस पर संपर्क करें।

त्रिवेणी अलमीरा

Email : info@trivenialmirah.com | Website : www.trivenialmirah.com

COUNCIL FOR THE INDIAN SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATIONS, NEW DELHI

CISCE invites applications from Architects / Architectural Firms for comprehensive Architectural, Engineering and Project Management Consultancy Services **for the proposed project in Mumbai** in the format provided in the RFP document.

For Details, Kindly Visit The "Notification" Section on CISCE Website www.cisce.org or Scan the Given QR Code.

भास्कर APPOINTMENT

NRI GROUP OF INSTITUTIONS
www.nrigroupindia.com
NAAC Accredited
WALK-IN INTERVIEW
on 22nd & 23rd August 2026 (11:00 am to 03:00 pm)
NRI Group is fastest growing education group.
To meet our growing demand, we have several vacancies for
(Principal | Prof. | Asso. Prof | Asst. Prof.)
ENGINEERING | PHARMACY | NURSING | AYURVEDA | MANAGEMENT | LAW | PARAMEDICAL | ARTS, SCIENCE & COMMERCE | COMMUNICATION SKILLS | PHYSIOTHERAPY
Qualification as per AICTE/UGC/PCI/BCI/NCISM norms. Candidates who are unable to attend the interview, can send their resume to Email: hr@nrigroupindia.com
Other Positions
Data Base Programmer, AI Developer, SEO Developer, Content Writer, Video Recorder, Robotics Engineer
Many other positions posted on website.
1, Sajjan Singh Nagar, Opp. Patel Nagar, Raisen Road, Bhopal, M.P., Tel. No. 919685016544

Parul® University Vadodara, Gujarat
CSE | IT
Applications are invited for the post of Assistant Professor, Associate Professor and Professor for the Academic Year 2026-27.
Salary* For M.Tech/ME (Fresher) - CTC ₹4.8 - 7.2 Lac/ Annum
For Ph.D (Fresher) - CTC ₹7.8 - 9.0 Lac/ Annum
*No Bar for Experienced & Deserving Candidates
WALK-IN INTERVIEW Date: 23rd Aug 2026 (Sun) Time: 9:30 AM
INDORE 7862847898: M-29, Trade Centre, 18 South Tukoganj, Hotel Crown Palace Road, Indore.
BHOPAL 7862847904: 131/13, Suryoday Building, Third Floor, Zone 2 - Maharana Pratap Nagar, Bhopal.
Qualification & experience as AICTE norms, Interested candidates can also apply through https://www.paruluniversity.ac.in/careers/ Registrar

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय
सीयूराज/आर/एफ.178/भर्ती/2026/6631 दिनांकः 20.08.2026
विश्वविद्यालय में 02 अशैक्षणिक पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:
अधिशाषी अभियंता (सीधी भर्ती)
प्रशिक्षण एवं नियुक्ति अधिकारी (अनुबंध के आधार पर)
आवेदन की अंतिम तिथि : 21 सितम्बर 2026 (रात 11:59 बजे तक)
अधिक जानकारी के लिए www.curaj.ac.in देखें।
कुलसचिव

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र)
Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar (M.P)
केन्द्रीय विश्वविद्यालय | A Central University A++ Grade by NAAC
संदर्भ क्र./Ref.No./DoFA/IoET-BM/GF/2026/307 दिनांक /Date: 20/08/2026
वॉक-इन इंटरव्यू सूचना / Walk-in Interview Notice
अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान/
Institute of Engineering and Technology
डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (IoET) में अतिथि व्याख्याताओं (प्रति व्याख्यान के आधार पर) के आवेदन स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र के लिये इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करें।
Applications are invited for the engagement of Guest Faculty (per lecture basis) under the Self Financing Scheme in the Institute of Engineering & Technology (IoET) of the university. Applicants are advised to visit the University Website Link : https ://dhsgsu.edu.in/recruitment for detailed advertisement and application form.
साक्षात्कार की तिथि / Date of Interview : 01-09-2026
साक्षात्कार का समय / Time of Interview : 10 :00 AM
साक्षात्कार का स्थान / Venue of Interview : गौर समिति कक्ष प्रशासनिक भवन, डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
आवेदन हेतु लिंक / Link for Application Form :
https ://dhsgsu.edu.in/index.php/en/recruitment/8031-walk-in-interview-notice-for-the-engagement-of-guest-faculty-in-the-institute-of-engineering-and-technology
कुलसचिव

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)
भर्ती सूचना
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.) प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:-

पद का नाम	पदों की संख्या*	वेतनमान
उप महाप्रबंधक (तकनीकी)	30	पे मैट्रिक्स में लेवल-12 (रु. 78800-209200)
प्रबंधक (तकनीकी)	30	पे मैट्रिक्स में लेवल-11 (रु. 67700-208700)

*पदों की संख्या भा.रा.रा.प्रा. की आवश्यकता के अनुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
2. भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट (https://www.nhai.gov.in) पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में दी गई प्रक्रिया के अनुसार आवेदक दिनांक 21.09.2026 (सायं 06:00 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।
3. आयु सीमा, योग्यता मानदंड, अन्य शर्तों आदि से संबंधित विस्तृत विवरण भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।
4. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र / अनुशेष / निरस्तीकरण, यदि कोई होगा तो, उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
Sreshta
सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा
अरेरा हिल्स, भोपाल,फोन नं. 0755-2550020
अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस
आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-
ई नीलामी दिनांक : 24.09.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 23.09.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. कब्जा दिनांक बकाया राशि
निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा | प्राधिकृत अधिकारी : श्री योगेश कृष्ण सक्सेना | फोन नं. 0755-2550020/9425013866		
1. मेसर्स मनीष पाडे (प्रोपराईटरशीप फर्म) श्री मनीष पाडे के माध्यम से 2. श्रीमती आकांक्षा पाडे (जमानतदार) 1. बंधक संपत्ति का समस्त भाग मकान नं. 57, कम्फर्ट ग्रीन, सर्वे नं.144/2/1/13, 3/1/ग/1, 144/2/1 खा, 3/1/ग/2, 144/2/1 खा, 144/2/1/1 एवं 144/2/1/क, ग्राम नेवारी, नई जेल के पास,पह नं. - 05, वार्डनं.75, भोपाल (म.प्र.), क्षेत्रफल - 96.15 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व :रोड, पश्चिम-प्लाटनं.38, उत्तर- प्लाट नं. 58, दक्षिण- प्लाटनं.56, संपत्ति मालिक : श्री मनीष पांडे पुत्र श्री साधव प्रसाद पांडे और श्रीमती आकांक्षा पांडे पत्नी श्री मनीष पांडे। (सांकेतिक आधिपत्य)	(₹) 77,37,000/- (₹) 7,73,700/-	07-05-2026 16-07-2026 ₹ 23766454.45 + देय ब्याज एवं अन्य शर्तें
2. बंधक संपत्ति का समस्त भाग मकान नं. 58, कम्फर्ट ग्रीन, सर्वे नं.144/2/1/13, 3/1/ग/1, 144/2/1/खा, 3/1/ग/2, 144/2/1/खा, 144/2/1/1 और 144/2/1 क, कम्फर्ट ग्रीन्स, ग्राम - नेवारी, नई जेल के पास, पह नं. 5, वार्ड नं. 75, भोपाल, (म.प्र.), क्षेत्रफल - 96.15 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाटनं. 37, उत्तर- रोड, दक्षिण- प्लाट नं.57, संपत्ति मालिक : श्री मनीष पांडे पुत्र श्री साधव प्रसाद पांडेऔर श्रीमती आकांक्षा पांडेपत्नी श्री मनीष पांडे। (सांकेतिक आधिपत्य)	(₹) 81,09,000/- (₹) 8,10,900/-	
3. बंधक संपत्ति का समस्त भाग प्लाट नं. 69, शीतल मेगा सिटी, फेज II कैंपस, खसरा नं. 454/1/1/2 एवं 453, वार्ड नं. 17, मंडीदीप, रायसेन, (म.प्र.), क्षेत्रफल - 52.04 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व- प्लाट नं. 68, पश्चिम - प्लाटनं. 70, उत्तर- कॉलोनी रोड, दक्षिण- प्लाटनं.44, संपत्ति मालिक : श्री मनीष पांडेपुत्र श्री साधव प्रसाद पांडे ।दक्षिण-अन्य का मकान ,संपत्ति मालिक: श्री हेमंत पटेरिया पुत्र श्री नाथूराम पटेरिया (सांकेतिक आधिपत्य)	(₹) 22,92,000/- (₹) 2,29,200/-	
मेसर्स गुरनूर एंटरप्राइजेज प्रो. श्रीमती गुरप्रीत कौर पत्नी दविंदर सिंह बंधक संपत्ति का वह भाग एवं हिस्सा, जिसमें दो प्लाट, प्लाटनंबर 33 और 34, शामिल हैं जो खसरा नंबर 81/1/1/1/1 (S) का भाग है, जिसका क्षेत्रफल 1.4800 हेक्टेयर है। यह संपत्ति ग्राम इमलिया, पटवारी हल्का नंबर नया/पुराना 29/16, राजस्व निरीक्षक मंडल नया /पुराना 03/02, विकासखंडफंदा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश में स्थित है। जिसका माप इस प्रकार है: प्लाटनं.33 का क्षेत्रफल 946 वर्ग फीट (87.92 वर्ग मीटर) और प्लाट नं. 34 का क्षेत्रफल 885 वर्ग फीट (82.25 वर्ग मीटर), दोनों प्लाटों का कुल क्षेत्रफल 1831 वर्ग फीट (170.17 वर्ग मीटर), सीमाऐं : पूर्व-कालोनी रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 32, उत्तर- प्लाट नं. 31 एवं 35, दक्षिण: काछना रोड, संपत्ति मालिक : श्रीमती गुरप्रीत कौर पत्नी श्री दविंदर सिंह (सांकेतिक आधिपत्य)	(₹) 26,70,000/- (₹) 2,67,000/-	03-12-2025 09-02-2026 ₹ 4082128.94 + देय ब्याज एवं अन्य शर्तें

नियम एवं शर्तें :- 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा दिनांक 24/09/2026 वेबसाइट https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।
दिनांक: 20/08/2026, स्थान: भोपाल
सुरक्षित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक